**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलेक्ट्रिकल) – पै.व. 2024**

**ऑनलाइन भर्ती परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका**

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं के विवरण और संबंधित मामलों के बारे में महत्वपूर्ण अनुदेश दिए गए हैं। आपको सलाह दी जाती है कि आप इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पी टेस्ट होंगे :

| क्र.सं. | टेस्ट का नाम (वस्तुनिष्ठ) | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | 40 मिनट | द्विभाषी अर्थात हिन्दी व अंग्रेजी (अंग्रेजी भाषा के टेस्ट को छोडकर) |
| 2 | इंजीनियरिंग विषय पेपर I | 40 | 100 | 40 मिनट | |
| 3 | इंजीनियरिंग विषय पेपर II | 40 | 100 | 40 मिनट | |
| 4 | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 50 | 50 | 30 मिनट | |
| | **कुल** | **180** | **300** | **150 मिनट** | |

परीक्षा के लिए समय 150 मिनट है; तथापि लागिंग इन, कॉल लैटर संग्रहण, अनुदेश पढ़ने आदि के लिए आवश्यक समय सहित आपको परीक्षा केंद्र में लगभग 210 मिनट रहना पड़ सकता है। अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी टेस्ट अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक टेस्ट के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। सभी प्रश्न बहुविकल्पी होंगे। उम्मीदवार किसी भी टेस्ट के प्रश्नों का उत्तर उस टेस्ट के लिए आबंटित समय में दे सकते हैं। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उस पर 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। आपके द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड लगाया जाएगा। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

*उम्मीदवार द्वारा किसी भी टेस्ट में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

(iii) प्रत्येक टेस्ट एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिंदु सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कट ऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग टेस्ट के अंकों पर

(ii) कुल अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं संपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन, इनमें से कुछ प्रकार के अथवा सभी प्रकार या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका यहाँ वर्णन नहीं किया गया है।**

नमूने के रूप में कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

## अंग्रेजी भाषा

**Q.1.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is '5'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error (5)

**Q.2.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

Continuous unemployment has induced in the people a kind of ________ which is most depressing.

(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.3-8.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true <u>(3)</u> of rights is duty. If we all <u>(4)</u> our duties, rights will not be <u>(5)</u> to seek. If leaving duties unperformed we run <u>(6)</u> rights, they will <u>(7)</u> us like an elusive person. The more we pursue them, the farther <u>(8)</u> they fly.

**Q.3.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.4.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.5.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.6.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

**Q.7.** (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

**Q.8.** (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

**Q.9.** Select from amongst the five alternatives, the word nearest in meaning to the word given in capitals.

ACCOMPLISHED

(1) Polished (2) Completed (3) Strong (4) Companion (5) attained

**Q.10.** Pick out the most appropriate phrase from amongst the phrases given below the sentence to complete is meaningfully.

eagerly _______ to this moment.

(1) look at (2) look down (3) look upon (4) look forward (5) look for

## इंजीनियरिंग विषय पेपर I और पेपर II

**Indicative Syllabus for Junior Engineer (Civil)**

**The standard of questions in Engineering subjects will be approximately of the level of Diploma in Engineering (Civil) from recognized institute, Board or University recognized by All India Council for Technical Education. All the questions will be set in SI units. The details of the syllabus are given below:**

**Paper I:** Building materials, Estimating, Costing and Valuation, Surveying, Soil Mechanics, Hydraulics, Transportation Engineering, Environmental Engineering.

(i) **Building Materials**: Physical and chemical properties, classification, standard tests, uses and manufacture/quarrying of materials e.g. building stones, silicate based materials, cement (Portland), asbestos products, timber and wood based products, laminates, bituminous materials, paints, varnishes.

(ii) **Estimating, Costing and Valuation:** estimate, glossary of technical terms, analysis of rates, methods and unit of measurement, item of works-earthwork, Brickwork (Modular & traditional bricks), RCC work, shuttering, Timber work, Painting, flooring and plastering, Boundary wall, Brick building, Water tank, septic tank, Bar bending schedule, Centre line method, Mid-section formula, Trapezoidal formula, Simpson's rule. Cost estimate of Septic tank, flexible pavements, Tube well, isolates and combined footings, Steel Truss, Piles and Piles caps. Valuation-value and cost, scrap value, salvage value, assessed value, sinking fund, depreciation and obsolescence, methods of valuation.

(iii) **Surveying**: Principles of surveying, measurement of distance, chain surveying, working of prismatic compass, compass traversing, bearings, local attraction, plane table surveying, theodolite traversing, adjustment of theodolite, Leveling, Definition of terms used in leveling, contouring, curvature and refraction corrections, temporary and permanent adjustments of dumpy level, methods of contouring, uses of contour map, tachometric survey, curve setting, earth work calculation, advanced surveying equipment.

(iv) **Soil Mechanics**: Origin of soil, phase diagram, Definitions-void ratio, porosity, degree of saturation, water content, specific gravity of soil grains, unit weights, density index and interrelationship of different parameters, Grain size distribution curves and their uses. Index properties of soils, Atterberg's limits, ISI soil classification and plasticity chart. Permeability of soil, coefficient of permeability, determination of coefficient of permeability, Unconfined and

confined aquifers, effective stress, quick sand, consolidation of soils. Principles of consolidation, degree of consolidation, preconsolidation pressure normally consolidated soil, e-log p curve, computation of ultimate settlement. Shear strength of soils, direct shear test, Vane shear test, Triaxial test. Soil compaction, Laboratory compaction test, Maximum dry density and optimum moisture content, earth pressure theories, active and passive earth pressures, bearing capacity of soils, plate load test, standard penetration test.

(iv) **Hydraulics**: Fluid properties, hydrostatics, measurements of flow, Bernoulli's theorem and its application, flow through pipes, flow in open channels, weirs, flumes, spillways, pumps and turbines.

(v) **Transportation Engineering**: High Way Engineering-cross sectional elements, geometric design, types of pavements, pavement materials -aggregates and bitumen, different tests, Design of flexible and rigid pavements -Water Bound Macadam (WBM) and Wet Mix Macadam (WMM), Gravel Road, Bituminous construction, Rigid pavement joint, pavement maintenance, Highway drainage.

(vi) **Environmental Engineering**: Quality of water, source of water supply, purification of water, distribution of water, need of sanitation, sewerage systems, circular sewer, oval sewer, sewer appurtenances, sewage treatments. Surface water drainage. Solid waste management -types, effects, engineered management system. Air pollution pollutants, causes, effects, control. Noise pollution -cause, health effects, control.

**Paper II : Theory of structures. Concrete technology, RCC design and Steel design**

(i) **Theory of structures**: Elasticity constants, types of beams-determinate and indeterminate, bending moment and shear force diagrams of simply supported, cantilever and over hanging beams. Moment of area and moment of inertia for rectangular and circular sections, bending moment and shear stress for tee, channel and compound sections, chimneys, dams and retaining walls, eccentric loads, slope deflection of simply supported and cantilever beams, critical load and columns, Torsion of circular section.

(ii) **Concrete Technology**: Properties, Advantages and uses of concrete, cement aggregates, importance of water quality, water cement ratio, workability, mix design storage, batching, mixing, placement, compaction, finishing and curing of concrete, quality control of concrete, hot weather and cold weather concreting, repair and maintenance of concrete structures.

(iii) **RCC Design**: RCC beams-flexural strength, shear strength, bond strength, design of singly reinforced and double reinforced beams, cantilever beams. T-beams, lintels. One way and two way slabs, isolated footings. Reinforced brick works, columns, staircases, retaining wall, water tanks (RCC design questions may be based on both Limit State and Working Stress methods).

(iv) **Steel Design**: Steel design and construction of steel columns, beams, roof trusses, plate girders.

## Indicative Syllabus for Junior Engineer (Electrical)

### Paper I

1. Basics of Electrical Engineering
2. Lighting design of office areas
3. Transformers, Working principles, protection types, preventive maintenance
4. Pumping systems.
5. Various type of motors, various starting methods of various types of motors
6. Substation design and layout including DG set installations.
7. Type of earthing, testing, lightening arrestor, etc.

### Paper II

1. Basic 'knowledge of' air conditioning & refrigeration
2. Inverters, rectifiers, UPS systems
3. Energy conservation techniques
4. LT distribution system, cabling/ internal wiring system, panel design and faultfinding, preventive maintenance, etc.
5. Testing of electrical installation.
6. Basics of elevators, design, electrical safeties, protections controllers, etc.
7. Basics of CCTV system. Fire and Smoke Alarm system, UPS.
8. Knowledge of Indian Electricity Rules
9. Switchgears & protection used in HT/LT installations.

## सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति

**प्र.1-2.** दिए गए प्रश्न का उत्तर देने हेतु निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए:

छह व्यक्तियों, यथा A,B,C,D,E और F में से प्रत्येक का कद अलग-अलग है । D दूसरा सबसे छोटा है । E, F और B से लंबा है लेकिन C से छोटा है । B सबसे छोटा नहीं है । C सबसे लंबा नहीं है ।

**प्र.**1. निम्न में से कौन तीसरा सबसे लंबा है?

(1) C (2) B (3) A (4) E (5) F

**प्र.**2. यदि B, 164 सेंमी. लंबा है और दूसरा सबसे लंबा व्यक्ति 167 सेंमी. लंबा है तो E का संभावित कद कितना होगा (सेंमी. में)?

(1) 162 सेंमी. (2) 166 सेंमी. (3) 169 सेंमी. (4) 148 सेंमी. (5) 170 सेंमी.

**प्र.3-4.** इन प्रश्नों में एक प्रश्न और उसके नीचे दो कथन क्रमांक I और II दिए गए हैं । आपको तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं । दोनों कथनों को पढ़िए और सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनिए ।

(1) **<u>केवल कथन I</u>** का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(2) **<u>केवल कथन II</u>** का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(3) **<u>या तो</u>** केवल कथन I, या केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

(4) कथन I और II दोनों का डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **<u>नहीं</u>** है

(5) कथन I और II **<u>दोनों</u>** का डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने हेतु आवश्यक है

**प्र**.3. पांच बॉक्स, P, Q, R, S और T एक दूसरे के ऊपर रखे हुए हैं । कौन-सा बॉक्स, शीर्ष से दूसरे स्थान पर रखा है?

(I) R नीचे से दूसरे स्थान पर रखा है । R और T के बीच में कोई भी बॉक्स नहीं रखा है । T और P के बीच में केवल दो बॉक्स रखे हैं ।

(II) S के ऊपर उतने ही बॉक्स रखे हैं जितने S के नीचे रखे हैं । S और Q के बीच में केवल एक बॉक्स रखा है । P,Q के ठीक नीचे रखा है ।

**प्र.4.** L, M, N, O, P और Q एक सीधी पंक्ति में और एकदूसरे से बराबर दूरी पर बैठे हैं और उनका मुंह उत्तर की ओर है। पंक्ति के सबसे बाएं छोर पर कौन बैठा है?

(I) L और P के बीच में तीन से अधिक व्यक्ति बैठे हैं । N,Q के बाएं दूसरा बैठा है । Q न तो P, न ही L का निकटतम पड़ोसी है ।

(II) केवल तीन व्यक्ति Q के बाएं बैठे हैं । O, Q के ठीक बाएं बैठा है । O और L के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है ।

## (क) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण


(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर आयोजित की जाएगी।

(2) अंग्रेजी भाषा के टेस्ट के अतिरिक्त सभी टेस्ट अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार को सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंतिम मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सबमिट किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दाहिने कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए टेस्ट पूरा करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दाहिनी तरफ प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :



पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर को अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दाहिनी तरफ प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review and Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए **Save & Next** पर क्लिक कीजिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Mark for Review) करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । *पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

**(13) जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review)' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के अनुदेशों का ध्यान से पालन करें । यदि कोई उम्मीदवार अनुदेशों/नियमों का पालन नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित होने के लिए पात्र होगा ।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) टेस्ट का नाम स्क्रीन के शीर्ष बार पर प्रदर्शित किया जाएगा। आपके जिस टेस्ट को देख रहे होंगे उसे हाइलाइट किया जाएगा।

(17) किसी टेस्ट के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन पर क्लिक करने के बाद, आपको उस टेस्ट के लिए आवंटित समय बीतने के बाद ही (अगले) टेस्ट के पहले प्रश्न पर ले जाया जाएगा।

(18) सभी टेस्ट के लिए अलग-अलग समय निर्धारित है। आप किसी टेस्ट विशेष के किसी प्रश्न का उत्तर उस टेस्ट के लिए आवंटित समय में ही दे सकते हैं।

(19) टेस्ट की पूरी अवधि की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने "सबमिट" बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

(20) **कृपया नोट करें :**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को " finally submit" करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ख) सामान्य अनुदेश:

(1) कृपया कॉल लैटर में तारीख, समय और परीक्षा केंद्र का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा केंद्र की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा केंद्र जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप **समय पर** (जैसा कि कॉल लैटर पर मुद्रित है) रिपोर्ट कर सकें। देर से आने वालों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर कॉल लैटर अपने साथ परीक्षा केंद्र पर लाएं। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे अपलोड किया गया था।)

(4) परीक्षा केंद्र पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय रिज़र्व बैंक प्रतिनिधि के अनुदेशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप अनुदेशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा केंद्र छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोट्स, सेल फोन (कैमरा सुविधा के साथ या उसके बिना) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक डिवाइस के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्र पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखें:
(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि) तो उन्हें अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत पूरी तरह से उतर जाए।
(ख) यदि उंगलियां मैली या धूलभरी हों तो अंगूठे का निशान (बायोमैट्रिक) के लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।
(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।
(घ) यदि कैप्चर की जाने वाली मुख्य उंगली (अंगूठा) चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।
(इन बिंदुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।)

(7) फ्रिस्किंग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित ड्रेस कोड का पालन करने की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के कपड़े

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित फ्रिस्किंग के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(8) आपके अपने फोटोग्राफ को कॉल लैटर पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकॉपी साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **परीक्षा के अंत में कॉल लैटर तथा फोटोयुक्त पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी स्टेपल करके अन्वीक्षक को सौंपना है।** वर्तमान में वैध फोटो

पहचान प्रमाण पैनकार्ड/ पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफयुक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटरहेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटरहेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटोयुक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफयुक्त बार कौंसिल पहचान पत्र मान्य हैं। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** स्टाफ उम्मीदवारों को आरबीआई का पहचान पत्र और उसकी फोटोकॉपी लाना होगा। कृपया ध्यान दें कि कॉल लैटर पर प्रदर्शित आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिए गए नाम से पूरी तरह मेल खाना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस बात पर विशेष ध्यान दें । यदि कॉल लैटर में तथा फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नामों में कोई भी असमानता पाई गई तो आपको परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों को जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे गजट अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों (उत्तरों) का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते पाए गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भारतीय रिज़र्व बैंक उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(10) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते हैं। कागज की एक शीट प्रदान की जाएगी जिसका उपयोग कच्चे काम के लिए या उस प्रश्न संख्या को लिखने के लिए किया जा सकता है जिसकी आप परीक्षा के अंत में अपने प्रत्युत्तर (उत्तर) सबमिट करने से पहले समीक्षा करना चाहते हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद आपको कॉल लेटर के साथ कागज की यह शीट अन्वीक्षक को सौंपनी होगी।

(11) परीक्षा के आयोजन में कुछ समस्याओं के होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, इससे परीक्षा लेने और/अथवा परिणाम तैयार करने का कार्य प्रभावित हो सकता है। उस स्थिति में समस्या को सुधारने का भरसक प्रयास किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमेंट, परीक्षा में विलंब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। जो उम्मीदवार जाने के इच्छुक नहीं हैं या परीक्षा देने की विलंबित प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक नहीं हैं, उन्हें प्रक्रिया से तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा।

(12) सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों के कठिनाई स्तर के अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के अंकों को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या किसी उम्मीदवार के लिए कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(13) परीक्षा की विषय-वस्तु या उसकी किसी अन्य जानकारी को पूरा या उसके किसी भाग को किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, मौखिक या लिखित, इलैक्ट्रॉनिक या मैकैनिकल माध्यम से प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुन: प्रस्तुत करने, प्रसार करने, एकत्र करने या प्रसार और एकत्र करने में सहायता करने वाले या परीक्षा हॉल में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा विषय-वस्तु के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(14) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे भारतीय रिज़र्व बैंक की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलों का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(15) उम्मीदवार को कॉल लैटर में उल्लिखित निर्धारित समय और/या परीक्षा तिथि से पहले अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर/ईमेल पर एसएमएस/ईमेल के माध्यम से सूचित किए गए निर्धारित समय के अनुसार परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। यह अपेक्षा की जाती है कि उम्मीदवार इस समय स्लॉट का सख्ती से पालन करें- क्योंकि परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल उम्मीदवार के समय स्लॉट के आधार पर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को कॉल लैटर में दर्शाए गए रिपोर्टिंग समय से कम से कम 15 मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए। देर से आने वालों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(16) उम्मीदवार के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा केंद्र के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

(17) परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवारों को अनुमत सामग्री

**उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर केवल कुछ निश्चित सामग्री लाने की अनुमति होगी**

**क. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

**ख. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (कॉल लैटर तथा उसके साथ पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी स्टेपल हो, मूल पहचान प्रमाणपत्र**)

**ग. स्क्राइब वाले उम्मीदवारों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

**परीक्षा केंद्र के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

(18) उम्मीदवार को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

(19) उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर दिए गए अनुदेशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

(20) परीक्षा पूर्ण होने पर उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र स्टाफ के निर्देशानुसार भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

(21) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024" पर ध्यान दें ।

**आपको शुभकामनाएं!**